फा.स.-18/05/2019-गोप.-1/2

कर्मचारी चयन आयोग

....

जनसाधारण/अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

विषयः सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) / कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) की भर्ती के संबंध में।

यह उल्लिखित है कि आयोग को सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) / कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) इत्यादि के पदों हेतु भर्ती के लिए बड़ी संख्या में पोस्टल ऑर्डर सहित भरे हुए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी (मुद्रित रूप में) प्राप्त हो रही है।

जनसाधारण / अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग ने उपरोक्त उल्लिखित पदों की भर्ती के लिए कोई विज्ञप्ति / विज्ञापन आमंत्रित / अपलोड नहीं किया है। यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग अपनी वेबसाइट अर्थात https://ssc.nic.in पर ही विभिन्न पदों / भर्ती की विज्ञप्ति अपलोड करता है तथा केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं। आयोग द्वारा मुद्रित आवेदन पत्र / हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाती है।

अतः इस संबंध में जनसाधारण/अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी के बहकावे में न आएं तथा आयोग / उसके क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट से किसी भी विज्ञापन का सत्यापन करके ही आवेदन करें।

अवर सचिव (गोप.-1/2)

दिनांक- 05-09-2019